# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 06.02.2025

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 06.02.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।






प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 06.02.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## “मिशन शक्ति फेज-5.0” के तहत महोबा पुलिस की मिशन शक्ति/एण्टीरोमियो टीम द्वारा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन कर किया गया जागरूक-

प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाये जा रहे “मिशन शक्ति फेज- 05” के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक- 06.02.2025 महोबा पुलिस के समस्त थानों की महिला बीट अधिकारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं को महिला सम्बन्धी साइबर अपराध के सम्बन्ध में जागरुक कर महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पाक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गई। महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु 1. वूमेन पावर लाइन (1090) 2. पुलिस आपातकालीन सेवा (112) 3. सीएम हेल्पलाइन नंबर (1076) 4. चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर (1098) 5. वन स्टाप सेन्टर (181) 6. साइबर हेल्पलाइन नंबर (1930) 7. स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर (102) 8. एम्बुलेन्स सेवा (108) 9. जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, जिला संरक्षण अधिकारी, राष्ट्रीय/राज्य महिला आयोग, जनपद न्यायालय में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सम्बन्ध में एवं साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया गया।





# महोबा पुलिस



## पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक महोबा एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा SPEL प्रोग्राम के तहत चयनित छात्र-छात्राओं के साथ संवाद कर पुलिस कार्यप्रणाली व जनसमस्यों के निस्तारण हेतु पुलिस मुख्यालय द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की दी गई जानकारी-

आज दिनांक- 06.02.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनपद महोबा में भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा संचालित स्पेल प्रोग्राम के तहत चयनित छात्र-छात्राओं के साथ संवाद कर पुलिस कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी प्रदान की गयी। इस दौरान छात्रों को पुलिस थानों में स्थापित महिला हेल्प डेस्क के विषय में जानकारी देते हुए बताया गया कि महिला हेल्प डेस्क में 24 घण्टे महिला पुलिस अधिकारी तैनात रहती हैं, जहां महिलायें अपनी समस्या को पूरी गोपनीयता के साथ बेझिझक बता सकती हैं। पुलिस की आपातकाल सेवा डायल 112 के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह पुलिस की सर्वोत्तम सेवा है, इसके संचालन के बारे में जानकारी लेने के लिए विदेशों से भी कई प्रतिनिधि पुलिस मुख्यालय आते हैं और इसके संचालन/क्रियान्वयन की प्रणाली को सीखते हैं। डायल112 से अपराध में एक भारी गिरावट हुई है। जनशिकायत पोर्टल आईजीआरएस के बारे में बताया गया कि इसके माध्यम से जितनी भी शिकायतें प्राप्त होती हैं सम्बन्धित अधिकारी द्वारा 100% मौके पर जाकर निस्तारण किया जाता है, महोबा पुलिस विगत कई माह से जनशिकायतों के निस्तारण में अव्वल रही है। शासन द्वारा थानों पर थाना समाधान दिवस व तहसील स्तर पर सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है, जिससे स्थानीय जनता से परस्पर संवाद बनाये रखते हुए उनकी समस्याओं का निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके।

इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा छात्रों से संवाद कर उनको वर्तमान समय में होने वाले साइबर अपराध और सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव से अवगत कराते हुए जागरूक किया गया और उन्हे बताया गया कि साइबर अपराध होने पर तत्काल साइबर क्राइम हेल्प लाइन नम्बर 1930 पर शिकायत दर्ज करायें। इसके साथ ही सोशल मीडिया तथा मोबाइल का उपयोग करते समय विशेष सावधानी रखें व किसी भी अनजाने लिंक पर क्लिक न करें।





प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 06.02.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में SPEL प्रोग्राम के तहत चयनित छात्र-छात्राओं को डायल-112 कार्यालय व अग्निशमन केन्द्र का भ्रमण कराते हुए आपातसेवाओं से सम्बन्धित कार्यप्रणाली की जानकारी प्रदान की गयी-

जनपद महोबा में भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा संचालित स्पेल प्रोग्राम के तहत आज दिनांक- 06.02.2025 को चयनित छात्र-छात्राओं को पुलिस अधीक्षक एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा के साथ संवाद कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसके उपरान्त पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन पर छात्र-छात्राओं को पुलिस की आपातकालीन सेवा डायल 112 व अग्निशमन केन्द्र का भ्रमण कराते हुए पुलिस की आपातकालीन सेवाओं के संचालन/कार्यप्रणाली की जानकारी प्रदान की गयी है।

डायल-112 कार्यालय के भ्रमण के दौरान डायल 112 प्रभारी निरीक्षक श्री आशीष भदौरिया द्वारा छात्रों से संवाद कर डायल 112 के संचालन/कार्यप्रणाली की जानकारी प्रदान की गयी साथ ही 112 नम्बर डायल कर इवेंट क्रियेट कर आपात सहायता मांगी गयी व उस इवेन्ट को क्लोज करने तथा पीडित की समस्या के तत्काल निस्तारण आदि सम्पूर्ण प्रक्रिया का संचालन कर डेमो दिया गया।

इसी क्रम में अग्निशमन केन्द्र में भ्रमण के दौरान छात्रों को अग्नि के प्रकार, आग लगने पर उसको बुझाने की प्रक्रिया, अग्निशन फायर स्टेशन की कार्य प्रणाली एवं अग्निशमन केन्द्र में उपस्थिति वाहनों एवं उपकरणों के बारे में बेसिक जानकारी प्रदान की गयी है।

इस सम्पूर्ण प्रशिक्षण के दौरान महिला थाना प्रभारी श्रीमती सुषमा चौधरी, कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड ए अभिषेक वर्मा सहित प्रशिक्षण हेतु चयनित छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

उल्लेखनीय है कि इस प्रोग्राम के तहत छात्रों को पुलिस विभाग के बारे में जानकारी दी जाती है और उन्हें पुलिस विभाग में इंटर्नशिप करने का मौका मिलता है. इस प्रोग्राम से छात्रों को पुलिस विभाग के कामकाज और समाज में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने हेतु किये जाने वाले प्रबन्ध के बारे में जानकारी मिलती है, इस तरह के प्रोग्राम से छात्रों को पुलिस विभाग के कामकाज का व्यावहारिक अनुभव मिलता है व पुलिस की छवि में सुधार हेतु मित्र पुलिस की भूमिका को भी बल मिलता है।








# महोबा पुलिस



Mahobkanth

Kabrai

Do 376 ke FIR panjikrit kiya ja rahe hain.

Dono mein abhiyukt arrested hain.

Raat 8-9 baje tak details lekar officers message bana dena